इस प्रश्न–पत्र में **54** प्रश्न तथा **8** मुद्रित पृष्ठ हैं।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | | |

कोड नं. **71/SS/374/A**

सेट - **A**

# सेना अध्ययन
# (374-H)

परीक्षा का दिन व दिनांक ____________________

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ____________________

2. ____________________

*सामान्य अनुदेश :*

**1.** परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

**2.** कृपया प्रश्न–पत्र को जाँच लें कि प्रश्न–पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

**3.** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर–पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखें।

**4.** उत्तर–पुस्तिका में पहचान–चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

**5.** (क) यह प्रश्न–पत्र केवल अंग्रेजी/हिंदी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।

कृपया उत्तर–पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

(ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों / गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

**6.** परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लुटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।

**7.** प्रश्न–पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में अंग्रेजी अनुवाद ही मान्य होगा।

**8.** अपनी उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न–पत्र की कोड संख्या **71/SS/374/A – A** लिखें।

# सेना अध्ययन

# (374-H)

समय : **3** घण्टे] [पूर्णांक : **100**

*निर्देश :*

(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **54** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उस प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर, उत्तर–पुस्तिका में ही लिखना है।

(v) आन्तरिक विकल्प वाले प्रश्नों में से केवल **एक** विकल्प का ही उत्तर लिखना हैं।

(vi) **खण्ड – क**

(a) प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है। इन प्रश्नों के दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प को चुनकर उत्तर के रूप में लिखिए।

(b) प्रश्न संख्या **21** से **35 दो–दो** अंक वाले वस्तु–निष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। ऐसे प्रत्येक प्रश्न में **एक–एक** अंक के **दो** भाग हैं। इन प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिए।

(vii) **खण्ड – ख**

(a) प्रश्न संख्या **36** से **48** अतिलघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है जिसका उत्तर **30** से **50** शब्दों में लिखना है।

(b) प्रश्न संख्या **49** से **52** लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है जिसका उत्तर **50** से **80** शब्दों में लिखना है।

(c) प्रश्न संख्या **53** और **54** दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है जिसका उत्तर **80** से **120** शब्दों में लिखना है।

**निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न–पत्र का वितरण दोपहर में 02.15 बजे किया जाएगा। 02.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## खण्ड – क

1 भारतीय अर्द्ध सैनिक बल का नेतृत्व जो अधिकारी करते हैं, वह है : **1**

(A) भारतीय सेना के (B) भारतीय नौ सेना के

(C) दोनों (A) और (B) (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

2 सन् 2011 के बाद से निम्न में से किसे केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल कहा जाने लगा : **1**

(A) आसाम राईफल्स (B) भारतीय तट रक्षक

(C) स्पेशल फ्रंटीयर फोर्स (D) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

3 1935 में आसाम राईफल्स जानी जाती थी : **1**

(A) आसाम मिलिट्री पुलिस

(B) आसाम फ्रंटीयर पुलिस

(C) कछार लेवी

(D) ईस्टर्न बंगाल और आसाम मिलिट्री पुलिस

4 'एक सीमा–एक बल' नीति लागू है : **1**

(A) भारत–म्यांमार सीमा पर (B) भारत–पाकिस्तान सीमा पर

(C) भारत–चीन सीमा पर (D) भारत–बांग्लादेश सीमा पर

5 भारत की सीमाओं की रक्षा करने वाला मूल बल है : **1**

(A) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (B) इन्डो–तिब्बत सीमा पुलिस

(C) केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (D) सीमा सुरक्षा बल

6 आपरेशन ब्ल्यू स्टार और आपरेशन ब्लैक थंडर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला बल है : **1**

(A) इन्डो–तिब्बत सीमा पुलिस (B) सीमा सुरक्षा बल

(C) सशस्त्र सीमा बल (D) केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल

7 निम्न में से कौन सा विषय भूगोल से संबंधित नहीं हैं ? **1**

(A) जनसंख्या वितरण

(B) रक्षा प्रणाली को मजबूत करने की योजना

(C) देश में भू उपयोग

(D) देश के आर्थिक संसाधन

8 सागर और समुद्र में अंतर है : 1

(A) सागर हमेशा जुड़े हुए है जबकि समुद्र जुड़े हुए या विलग भी हो सकते है।
(B) सागर खारे पानी की इकाई है जबकि समुद्र का पानी खारा हो भी सकता है या नहीं भी।
(C) सागर पूरी तरह या आंशिक रूप से भूमि से धिरे होते है जबकि समुद्र भूमि से धिरे हुए नहीं होते।
(D) व्यापार सागर मार्ग से होता है समुद्री मार्ग से नहीं।

9 भूगोल का/के उप–क्षेत्र है/हैं : 1

(A) मानव भूगोल
(B) आर्थिक भूगोल
(C) भू–रणनीति
(D) उपरोक्त सभी

10 प्राकृतिक भूगोल से तात्पर्य है : 1

(A) आर्थिक भूगोल
(B) मानव भूगोल
(C) भौतिक भूगोल
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

11 भारतीय सेना जिस प्रकार की भौगोलिक परिस्थितियों में लड़ने में सक्षम है, वह है : 1

(A) रेगिस्तान
(B) मैदानी इलाके
(C) जंगल
(D) उपरोक्त सभी

12 निम्न में से कौन सा पैदल सेना का हथियार या उपकरण नहीं है ? 1

(A) माइन्सवीयर
(B) राइफल ए.के. 203
(C) असाल्ट राईफल
(D) हैंड ग्रेनेड

13 आदर्श रूप में किसी देश के पास होना चाहिए : 1

(A) 1/3 पुरातन सैन्य सामग्री
(B) 1/3 आधुनिक एवं आकर्षक सैन्य सामग्री
(C) 1/3 भारी जरूरतों को पूरा करने हेतु सैन्य सामग्री
(D) उपरोक्त सभी

14 भारत द्वारा 22 अपाचे AH64 अटैक हेलीकाप्टर्स खरीदे गए है : 1

(A) फ्रांस से
(B) इज़राइल से
(C) यू.एस.ए. से
(D) यू.के. से

15 निम्न में से गैर पारपंरिक हथियार कौन सा है : 1

(A) जैविक
(B) बख्तरबंद टैंक
(C) राइफल
(D) लड़ाकू विमान

16 अन्तर्राष्ट्रीय नियमों और संधियों के अंतर्गत प्रतिबंधित हथियार है : 1

(A) रसायनिक
(B) न्यूक्लियर
(C) दोनों (A) और (B)
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

17 साईबर युद्ध किसी राज्य की गतिविधियों को बाधित करता है : 1

(A) कंप्यूटर तकनीक से
(B) न्युक्लियर तकनीक से
(C) रेडियोलॉजी से
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

18 साईबर युद्ध का प्रयोग करता/करते है/हैं : 1

(A) आंतकवादी
(B) कंपनियाँ
(C) हैक्टिविस्ट
(D) उपरोक्त सभी

19 भारतीय तटवर्ती क्षेत्रों को बुरी तरह से प्रभावित करने वाली सूनामी आई थी सन् : 1

(A) 2002 में
(B) 2003 में
(C) 2004 में
(D) 2005 में

20 जम्मू कश्मीर में आतकंवाद के विरूद्ध भारतीय सेना प्रत्यक्ष भूमिका निभा रही है, क्योंकि : 1

(A) पाकिस्तान आतंकवादियों को सेवाएँ प्रदान करता है।
(B) यू.एस.ए. आतंकवादियों को सेवाएँ प्रदान करता है।
(C) यू.के. आतंकवादियों को सावएँ प्रदान करता है।
(D) रूस आतंकवादियों को सेवाएँ प्रदान करता है।

21 युग्म सुमेलित कीजिए : 1×2=2

| | |
|---|---|
| (i) रैपिड एक्शन फोर्स | (a) 1939. |
| (ii) दृढ़ कार्यवाई करने वाले कमाण्डों | (b) 1992 |
| | (c) 2008 |

22 भारत के सभी संसदीय चुनावों में ___________ बल ने सुरक्षा प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और ___________ का गठन CRPF के एक बल रूप में साम्प्रदायिक दंगों और घरेलू अशान्ति से निपटने के लिए किया गया था। 1×2=2

23 युग्म सुमेलित कीजिए : 1×2=2

| | |
|---|---|
| (i) अरावली पर्वत | (a) भारत–गंगा क्षेत्र |
| (ii) उत्तर भारत का मैदानी क्षेत्र | (b) राजस्थान |
| | (c) केरल |

24 __________ को एमफिबियस आक्रमण के दौरान जमीनी टुकड़ियों को तैनात करने के लिए प्रयोग किया जाता है जो भारत के पास __________ संख्या में हैं। 1×2=2

25 __________ विमान रूसी मूल का एक इंजिन, एक सीट वाला बहु प्रकार के युद्ध/जमीनी आक्रमण करने वाला विमान है जिसकी अधिकतम गति सीमा __________ है। 1×2=2

**26** संक्षिप्ताक्षर को पूर्ण कीजिए : **1×2=2**

(i) DRDO

(ii) GDP

**27** अनियंत्रित नाभिकीय शृंखलात्मक अभिक्रिया से अत्यधिक मात्रा में ऊर्जा उत्पन्न होती है जिससे __________ पैदा होती है और __________ का कारण बनती है। **1×2=2**

**28** युग्म सुमेलित कीजिए : **1×2=2**

| | |
|---|---|
| (i) एक्जो एटमोफेरिक विस्फोट | (a) वायुमंडल के भीतर होने वाला विस्फोट |
| (ii) इंडो एटमोफेरिक विस्फोट | (b) वायुमंडल से परे होने वाला विस्फोट |
| | (c) समुद्र के भीतर होने वाला विस्फोट |

**29** __________ का अर्थ ऐसे नीतियों और प्रक्रियाओं को विकसित करना है जो हमारी सूचनाओं और सूचना प्रणाली की रक्षा कर सके और __________ का उद्देश्य सूचनाओं को नियंत्रित करना और जनमत को प्रभावित करना होता है। **1×2=2**

**30** __________ को नालेज रोबोट्स कहते है और __________ ऐसे कंप्यूटर प्रोग्राम है जिन्हें उपयोग प्रोग्रामों के बीच बनाए रखा जा सकता है और इनकी बहुत नकारात्मक प्रवृत्ति होती है। **1×2=2**

**31** वर्धा चक्रवात के दौरान भारतीय नौ सेना ने आपूर्ति का सामान __________ पहुँचाया और नवंबर–दिसंबर 2017 में कई टन सामग्री कन्याकुमारी, केरल और लक्षद्वीप पहुँचाई जब उनके तटों को __________ चक्रवात ने नष्ट कर दिया था। **1×2=2**

**32** भारत की आंतरिक सुरक्षा में भारत की गुप्तचर एजेंसियाँ __________ और __________ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। **1×2=2**

**33** पूर्वोत्तर भारत में __________, नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड (NDFB) और __________ सक्रिय विद्रोही समूह हैं। **1×2=2**

**34** पूर्वोत्तर राज्यों में विद्रोह विरोधी कार्यवाइयाँ करने के लिए एक विशेष बल __________ बनाया गया है जो सन् __________ में आसाम मिलिट्री पुलिस के नाम से जाना जाता था। **1×2=2**

**35** मध्य भारत में __________ विद्रोहियों द्वारा निर्मित सुरक्षा खतरा __________ और पूर्वोत्तर के खतरों से बिल्कुल अलग तरह का है। **1×2=2**

## खण्ड – ख

**36** किन प्रश्नों के उत्तर सैन्य अध्ययन का अध्ययन करने से मिलते हैं? **2**

**अथवा**

एक युवा विद्यार्थी को सैन्य अध्ययन क्यों करना चाहिए।

**37** "सैनिकों और अफसरों के लिए युद्ध की कला को सीखना अति आवश्यक है।" कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। **2**

**अथवा**

"सेना के संगठनों का अध्ययन प्राचीन काल से प्रारम्भ हुआ और आज तक चल रहा है।" कथन की पुष्टि कीजिए।

**38** महासागर में होने वाली किन्हीं चार गतिविधियों का नाम लिखिए जो सभी देशों के लिए खुली और स्वतंत्र रूप से उपलब्ध हैं। $4\times\frac{1}{2}=2$

**39** 7.62 मि.मी. ड्रैगुनव स्नाईपर राईफल पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **2**

**40** विद्युतचुंबकीय पल्स (EMP) का क्या अभिप्राय है? **2**

**41** चालक रहित हवाई वाहन (UAV) की व्याख्या कीजिए। **2**

**अथवा**

भारतीय नौसेना में आई.एन.एस. चक्र और आई.एन.एस. अरिहंत की भूमिका को विस्तार से समझाइए।

**42** विखंडन और संलयन में अंतर स्पष्ट कीजिए। **2**

**अथवा**

उप सतह विस्फोट और पृथ्वी पर विस्फोट में अंतर की व्याख्या कीजिए।

**43** इलेक्ट्रॉनिक्स पर क्षणिक विकिरण प्रभाव (TREE) क्या होता है? **2**

**44** हैकर किसी कंप्यूटर में घुसपैठ करने के बाद क्या करता है? **2**

**45** प्राकृतिक आपदाओं की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए। **2**

**46** मानव निर्मित आपदा के कोई दो उदाहरण लिखिए। **2**

47 राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) की दृष्टिकोण पर प्रकाश डालिए। **2**

48 भारत की आंतरिक और बाहरी सुरक्षा में भारतीय गुप्तचर एजेंसियों का क्या महत्व है? **2**

49 अर्द्ध सैनिक बल और व्यवसायिक सेना के बीच अंतर और समानता की व्याख्या कीजिए। **3**

**अथवा**

"इतिहास के पन्नों में आसाम राईफल्स और इसकी पूर्ववर्ती यूनिट्स ने अनेकों संघर्षों में अपनी सेवा दी है।" कथन की पुष्टि कीजिए।

50 समुद्री सुरक्षा के किन्हीं तीन तत्वों को उजागर कीजिए। **3**

**अथवा**

आई.एम.ओ. और आई.एस.पी.एस. का वर्णन कीजिए।

51 राज्य की सैन्य ताकत को बढ़ाने के लिए प्राचीन और आधुनिक समय में अपनाई गई रणनीतियों के बीच क्या अंतर है? **3**

52 'धर्म युद्ध' और सैनिकों के लिए आचार संहिता का क्या अर्थ है? **3**

53 क्यों सैन्य संगठनों का अध्ययन और युद्ध की कला सैन्य अध्ययन का एक महत्वपूर्ण पहलू है? **6**

**अथवा**

राजनीतियों और अधिकारियों को सेना और सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण और इसके प्रभाव के बारे में क्यों सीखना चाहिए? **4+2=6**

54 भारतीय नौ सेना की राष्ट्रीय सुरक्षा में क्या भूमिका है? **6**

**अथवा**

आर्मी एविएशन कॉर्प के मिशन और भूमिका पर प्रकाश डालिए।

---